कार्यालय प्रथम अपीलीय अधिकारी, जिला कलेक्टर, दौसा

श्री तरूण कुमार, प्लाट नंबर 218, गंगासागर स्कीम, गणेश मंदिर के पास, वैशाली नगर, जयपुर 302021

बनाम

लोक सूचना अधिकारी, उपखण्ड अधिकारी सिकराय,

अपील सं0 65/2017

<u>निर्णय</u> दिनांक 30.11.2017

संक्षिप्त विवरण अपील इस प्रकार है कि प्रार्थी द्वारा लोक सूचना अधिकारी उपखण्ड अधिकारी सिकराय को सूचना/नकल हेतु दिनांक 22.09.2017 को आवेदन पत्र प्रस्तुत किया। प्रार्थी को वॉछित सूचना/नकल निर्धारित समयावधि में प्राप्त नहीं हुई। इसी से पीडित होकर यह अपील पेश की गई है।

अपील दर्ज रजिस्टर की गई । लोक सूचना अधिकारी, उपखण्ड अधिकारी सिकराय को आवेदन पत्र की छाया प्रति प्रेषित कर संबंधित को वॉछित नकल/सूचना उपलब्ध करवाई जाकर जॉच टिप्पणी मॅगवाई गई।

पत्रावली का अवलोकन किया गया। पत्रावली के अवलोकन से प्रकट होता है कि उपखण्ड अधिकारी सिकराय द्वारा उनके पत्रांकः आर0टी0आई0/2005/2017 /1425 दिनांक 22.11.2017 द्वारा श्री तरूण कुमार को सूचना भिजवाते हुए प्रति इस कार्यालय को पृष्ठांकित की गयी है। उक्त पत्रादि पत्रावली में संलग्न हैं। इससे स्पष्ट होता है कि आवेदक को वॉछित सूचना उपलब्ध करवा दी गई है। ऐसी स्थिति में अपील अपीलांट चलने योग्य नहीं है।

उपरोक्त विवेचन के आधार पर अपील अपीलांट खारिज की जाती है। संबंधित को निर्णय प्रति प्रेषित करें। बाद पूर्ति पत्रावली प्रविष्ठ लेख भण्डार हो।

(नरेश कुमार शर्मा)
जिला कलेक्टर, दौसा

सत्यमेव जयते
Web Copy - Not Official